# छत्तीसगढ़ कृषि विज्ञान केंद्र सर्व कर्मचारी कल्याण संघ

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर ®122202517564, ✉: cgkvkewa@gmail.com



**प्रदेश अध्यक्ष**
**डॉ. प्रदीप कुमार सिंह**
📱 **9827158778**

**प्रदेश उपाध्यक्ष**
डॉ. ललिता रामटेके, श्री तोषण कुमार ठाकुर, श्री चंद्रशेखर खरे

**महासचिव**
डॉ. पूर्णेन्द्र देव वर्मा

**प्रदेश सचिव**
डॉ. सौगात सासमल, डॉ. सुरेश कुमार मरकाम, डॉ. के. के. लोधी

**कोषाध्यक्ष**
श्री योगेश कुमार कौशिक, श्री सौरभ मिश्रा, श्री गजेंद्र टंडन

**संगठन सचिव**
डॉ. विनय कुमार नायक, डॉ. जितेन्द्र कुमार जोशी, श्री मनीष वर्मा

**महिला प्रकोष्ठ संयोजक**
डॉ. गुंजन झा, डॉ. प्रमिला जोगी, डॉ. एकता ताम्रकार, डॉ. अंजलि घृतलहरे

**मीडिया एवं आईटी प्रभारी**
श्री कृष्ण कुमार लहरे, श्री रमेश कुमार राठौर

**प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य**
डॉ. विजय जैन, डॉ. एस. पी. सिंह, डॉ. सतीश कुमार वर्मा, डॉ. बीरबल साहू, डॉ. खूबीराम साहू, डॉ. राम लक्ष्मण शर्मा, डॉ. बी. एस. राजपूत, डॉ. एस. के. नाग, डॉ. गौतम रॉय, डॉ. ईश्वर सिंह राजपूत, डॉ. मनीष चौरसिया, श्री एच. एस. तोमर, डॉ. राजेश चौकसे, डॉ. संदीप शर्मा, डॉ. बी. पी. त्रिपाठी, श्री ओम प्रकाश, डॉ. अरुण कुमार सकनी, डॉ. दिव्येन्दु दास, श्री राकेश कुमार भगत, श्री खेमा दास महंत, डॉ. जी. के. निगम, इंजी. कमलेश सिंह


No./CGKVKAEWA/2025-26/092 Date: 24/02/2026

***प्रेस विज्ञप्ति***

## अनिश्चितकालीन हड़ताल — दूसरा दिवस

***समयबद्ध समाधान से इनकार, वार्ता विफल — KVK कर्मचारियों का आंदोलन निर्णायक चरण में***

छत्तीसगढ़ राज्य में **इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय** के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्रों (KVK) के अधिकारी/कर्मचारी अपनी **वेतन विसंगति, अपूर्ण वेतन भुगतान एवं वैधानिक सेवा-लाभों की बहाली** की मांग को लेकर जारी **अनिश्चितकालीन कामबंद हड़ताल सह धरना-प्रदर्शन** के **द्वितीय दिवस** में प्रवेश कर चुके हैं।

संघ द्वारा दिनांक **16 से 20 फरवरी 2026** तक आयोजित पाँच दिवसीय कामबंद हड़ताल के दौरान विश्वविद्यालय प्रशासन से **स्पष्ट, लिखित एवं समयबद्ध समाधान** की अपेक्षा की गई थी। किंतु इस अवधि में कोई भी **क्रियान्वयन योग्य निर्णय** नहीं लिया गया, जिसके फलस्वरूप विवश होकर आंदोलन को **अनिश्चितकालीन** स्वरूप दिया गया।

### ◆ प्रथम दिवस की भेंट-वार्ता निष्फल

अनिश्चितकालीन हड़ताल के **प्रथम दिवस** माननीय कुलपति महोदय से संघ प्रतिनिधिमंडल की शिष्टाचार भेंट-वार्ता हुई। वार्ता के दौरान यह बताया गया कि समस्याओं के निराकरण हेतु राज्य शासन से पत्राचार किया जा रहा है, परंतु **समयबद्ध समाधान देने से यह कहते हुए असहमति जताई गई कि शासकीय कार्यों में समय लगता है।**

इस पर संघ ने स्पष्ट किया कि **पूर्ण वेतन का भुगतान सुनिश्चित किए बिना** अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त नहीं की जाएगी। किसी भी स्तर पर **ठोस, लिखित एवं समयसीमाबद्ध आश्वासन** न मिलने के कारण वार्ता **विफल** रही।

### ◆ वैधानिक पत्रों व न्यायालयीन आदेशों की अनदेखी:

संघ यह रेखांकित करता है कि KVK अधिकारियों/कर्मचारियों के वेतन एवं सेवा-लाभों के संबंध में **ICAR के मूल दिशा-निर्देश, भारत सरकार के माननीय कृषि मंत्रियों एवं कृषि सचिव (विस्तार) स्तर के पत्र**, तथा **माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के आदेश** पूर्व से विद्यमान हैं, जिनका पालन **अनिवार्य एवं बाध्यकारी** है। इसके बावजूद आज दिनांक तक इनका समुचित अनुपालन सुनिश्चित नहीं किया गया है।

### ◆ KVK कर्मचारी विश्वविद्यालय की अमानत — पूर्ण दायित्व विश्वविद्यालय का:

संघ स्पष्ट करता है कि **KVK के अधिकारी/कर्मचारी ICAR के नहीं, बल्कि विश्वविद्यालय की अमानत हैं**। उनकी नियुक्ति **विश्वविद्यालय अधिनियम एवं परिनियम** के अनुरूप **विश्वविद्यालय द्वारा ही** की गई है। नियुक्तिकर्ता संस्था होने के कारण **पूर्ण वेतन, समस्त भत्तों एवं सेवा-लाभों की संपूर्ण वित्तीय एवं प्रशासनिक जिम्मेदारी विश्वविद्यालय की है**, और यह दायित्व **विश्वविद्यालय के अन्य कर्मचारियों के समकक्ष लाभ** प्रदान करने तथा **समझौता ज्ञापन (MoU)** की शर्तों के अनुरूप भी स्पष्ट है। इसके विपरीत किसी भी प्रकार की व्याख्या **तथ्यों के विपरीत** एवं **न्यायालयीन आदेशों की अवहेलना** है।

# छत्तीसगढ़ कृषि विज्ञान केंद्र सर्व कर्मचारी कल्याण संघ

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर ®122202517564, ✉: cgkvkewa@gmail.com

**प्रदेश अध्यक्ष**
**डॉ. प्रदीप कुमार सिंह**
**9827158778**

**प्रदेश उपाध्यक्ष**
डॉ. ललिता रामटेके, श्री तोषण कुमार ठाकुर, श्री चंद्रशेखर खरे

**महासचिव**
डॉ. पूर्णेन्द्र देव वर्मा

**प्रदेश सचिव**
डॉ. सौगात सासमल, डॉ. सुरेश कुमार मरकाम, डॉ. के. के. लोधी

**कोषाध्यक्ष**
श्री योगेश कुमार कौशिक, श्री सौरभ मिश्रा, श्री गजेंद्र टंडन

**संगठन सचिव**
डॉ. विनय कुमार नायक, डॉ. जितेन्द्र कुमार जोशी, श्री मनीष वर्मा

**महिला प्रकोष्ठ संयोजक**
डॉ. गुंजन झा, डॉ. प्रमिला जोगी, डॉ. एकता ताम्रकार, डॉ. अंजलि घृतलहरे

**मीडिया एवं आईटी प्रभारी**
श्री कृष्ण कुमार लहरे, श्री रमेश कुमार राठौर

**प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य**
डॉ. विजय जैन, डॉ. एस. पी. सिंह, डॉ. सतीश कुमार वर्मा, डॉ. बीरबल साहू, डॉ. खूबीराम साहू, डॉ. राम लक्ष्मण शर्मा, डॉ. बी. एस. राजपूत, डॉ. एस. के. नाग, डॉ. गौतम रॉय, डॉ. ईश्वर सिंह राजपूत, डॉ. मनीष चौरसिया, श्री एच. एस. तोमर, डॉ. राजेश चौकसे, डॉ. संदीप शर्मा, डॉ. बी. पी. त्रिपाठी, श्री ओम प्रकाश, डॉ. अरुण कुमार सकनी, डॉ. दिब्येन्दू दास, श्री राकेश कुमार भगत, श्री खेमा दास महंत, डॉ. जी. के. निगम, इंजी. कमलेश सिंह


◆ **महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति से मार्गदर्शन हेतु निवेदन:**

उपरोक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए संघ के प्रतिनिधिमंडल द्वारा **महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति** को **कृषि विज्ञान केंद्र (KVK) के अधिकारियों/कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के निराकरण** हेतु **शिष्टाचार भेंट-वार्ता** के लिए **समय प्रदान किए जाने का निवेदन पत्र** प्रेषित किया गया है, ताकि **न्यायोचित, संवैधानिक एवं स्थायी समाधान** की दिशा में मार्गदर्शन प्राप्त हो सके।

◆ **संघ का स्पष्ट पक्ष:**

- आंदोलन **पूर्णतः शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक एवं अनुशासित** है।
- कर्मचारियों के **सम्मान, आजीविका एवं वैधानिक अधिकारों** पर कोई समझौता स्वीकार्य नहीं।
- अनिश्चितकालीन हड़ताल के दौरान उत्पन्न होने वाली **समस्त प्रशासनिक, शैक्षणिक एवं प्रसारगत अव्यवस्थाओं** की **पूर्ण जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन** की होगी।

संघ विश्वविद्यालय प्रशासन से पुनः मांग करता है कि **तत्काल, स्पष्ट, लिखित एवं समयबद्ध निर्णय** लेकर **KVK अधिकारियों/कर्मचारियों के पूर्ण वेतन एवं समस्त वैधानिक सेवा-लाभों की बहाली** सुनिश्चित की जाए, ताकि आंदोलन समाप्त हो सके और किसानों को पुनः निर्बाध सेवाएं मिल सकें।

***सादर,***

**महासचिव** **अध्यक्ष**